प्रश्न-पत्र कोड **4/1/2**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **8** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)

# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **8** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **दो** खण्ड हैं – **खण्ड क** और **खण्ड ख** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में कुल **5** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(v)* *प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर लगभग 60 – 70 शब्दों में लिखिए : *1×4=4*

(क) लेखक का जापानी मित्र उसे कहाँ ले गया ? वहाँ के वातावरण से लेखक क्यों प्रभावित हुआ ? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ख) वज़ीर अली की बहादुरी प्रशंसनीय है, कैसे ? 'कारतूस' एकांकी के आधार पर तर्क सहित उत्तर लिखिए ।

**2.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए :*2×2=4*

(क) 'विचार लो कि मर्त्य हो, न मृत्यु से डरो कभी' — 'मनुष्यता' कविता से उद्धृत प्रस्तुत पंक्ति का भाव कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'पावस ऋतु' किसे कहते हैं ? इस ऋतु में पर्वत पर कैसा दृश्य होता है ? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए ।

(ग) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती की तुलना दुलहन से क्यों की गई है ? दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए ।

**3.** पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' के निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

(क) हरिहर काका के न रहने पर उनकी ज़मीन पर किसके अधिकार की संभावना अधिक थी ? 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

(ख) ' 'सपनों के-से दिन' पाठ में लेखक ने बताया है कि कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती ।' अपने आस-पास के जीवन से कोई उदाहरण देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

(ग) आपका घनिष्ठ मित्र दूसरे मज़हब का है, आपके घर पर उसका आदर-सत्कार किस प्रकार होता है ? 'टोपी शुक्ला' पाठ के संदर्भ में विस्तार से उत्तर दीजिए ।

## खण्ड ख

## (लेखन)

**4.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×6=6*

(क) झूठ जब पकड़ा गया
- झूठ बोलने का कारण
- झूठ कैसे पकड़ा गया
- भविष्य में सच बोलने का संकल्प

(ख) बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक उपकरण
- पर्यावरण के लिए ख़तरे की घंटी
- अनुपयोगी उपकरणों को नष्ट करने की समस्या
- हमारा दायित्व

(ग) भारतीय महिला क्रिकेट
- क्रिकेट में महिलाओं के बढ़ते कदम
- महिलाओं ने भी मारी बाज़ी
- छुड़ाए छक्के

**5.** (क) आप श्यामला/दिनेश हैं । आपके क्षेत्र में मॉल निर्माण हेतु पेड़ों की अनियंत्रित कटाई हो रही है । इस पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप विधु/रवि हैं । दिनोंदिन बढ़ती यातायात के नियमों के उल्लंघन की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए हिन्दी समाचार-पत्र के संपादक के नाम लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**6.** (i) (क) शॉपिंग मॉल में आपकी दुकान है, जिसे आप किराए पर देना चाहते हैं । उसके लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आपको अपने कारोबार के लिए ऑफिस खरीदना है । उसके लिए लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) किसी कंपनी के लिए रंगीन पेंसिलों की बिक्री हेतु विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) बढ़ते प्रदूषण पर रोकथाम लगाने के लिए भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय की ओर से लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**7.** (i) (क) आप सृष्टि/विपुल हैं । आप 'निवासी कल्याण संघ' के सचिव हैं । आपकी सोसायटी में कोरोना-रोधी टीकाकरण का शिविर लगाया जाएगा, उसकी जानकारी देते हुए लगभग 50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आप परमजीत/सिमरन हैं । आप 'साहित्य अकादमी' के सचिव हैं । गर्मी की छुट्टियों में अकादमी द्वारा नाट्य-शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इसकी जानकारी देते हुए एक सूचना लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) आप मैरी/ज़ैफ़ हैं । आपको विद्यालय के खेल के मैदान में कुछ पैसे मिले हैं । इससे संबंधित जानकारी विद्यालय के सूचनापट्ट पर लगाने के लिए एक सूचना लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आप यूनुस/अमीना हैं । कल मध्यांतर में विद्यालय की दसवीं कक्षा का फुटबॉल मैच है । जिसे देखने के लिए दसवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्र आमंत्रित हैं । इसके लिए एक सूचना लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**8.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 120 शब्दों में लघुकथा लिखिए : $1\times5=5$

(क) रात में मैं पढ़ रही थी कि कुछ सरसराहट सी सुनी तो क्या देखती हूँ ......

**अथवा**

(ख) मैं उसे रोक रहा था कि नदी गहरी है, लेकिन वह बढ़ता ही चला गया और ......